भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1556

सोमवार, 1 जुलाई, 2019 / 10 आषाढ़ 1941 (शक)

## रिक्त पद

1556. श्री दीपक बैज:
श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश:

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने देश में रिक्त पड़े पदों को भरने में हो रही देरी के कारण संबधित विभागों को उन्हें भरने हेतु दिशानिर्देश दिए हैं;

(ख) देश में बेरोजगारी को खत्म करने और रोजगार प्रदान करने हेतु मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या देश में बहुत लंबे समय से रिक्त पड़े बहुत से पदों को भरने में और चयनित अभ्यर्थियों के परिणाम घोषित करने में देरी हो रही है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान रोजगार अवसरों को बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ड) आज की तारीख में, सरकारी नौकरियों/रिक्त पड़े पदों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है, और इन पदों को भरने हेतु क्या कार्रवाई की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ- राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क): श्रम एव रोजगार मंत्रालय ने ऐसा कोई सुझाव जारी नहीं किया है। तथापि, रिक्तियों को भरना सरकार के लिए प्राथमिकता मद है।

(ख): युवाओं की रोजगारपरकता में सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन सरकार का प्राथमिक सरोकार है। सरकार ने देश में रोजगार सृजन के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, अधिक मात्रा में निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं की फास्ट ट्रेकिंग तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी स्कीम (मनरेगा), पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) स्कीम तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं पर लोक व्यय को बढ़ाने जैसे विभिन्न उपाय किए हैं।

जारी...2/-

रोजगार सृजन को बढावा देने के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने हेतु श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत, सरकार तीन वर्ष तक सभी क्षेत्रों के सभी पात्र नए कर्मचारियों के ईपीएफ एवं ईपीएस के सम्पूर्ण नियोक्ता अंशदान (12 प्रतिशत अथवा अनुमेय) का भुगतान कर रही है, जिसके अंतर्गत मार्च, 2019 तक 1.18 करोड़ लाभार्थियों ने लाभ उठाया।

सरकार ने राष्ट्रीय कैरियर सेवा कार्यान्वित की है जिसमें नौकरी चाहने वालों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं जॉब्स पोस्ट करने तथा अन्य रोजगार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु एक पोर्टल (www.ncs.gov.in) है।

(ग): एसएससी/यूपीएससी जैसी भर्ती करने वाली एजेंसियों को नियमित रूप से रिक्तियां रिपोर्ट की जाती हैं। न्यायिक वाद-विवाद के कारण रिक्तियों को भरने के कुछ मामलों में विलम्ब हुआ है।

(घ): जैसाकि ऊपर भाग (ख) के उत्तर में वर्णन किया गया है, सरकार ने देश में रोजगार सृजन के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

(ङ): व्यय विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 01.03.2018 की स्थिति के अनुसार विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्तियों का ब्यौरा अनुलग्नक में है। रिक्त पदों को भरा जाना वर्ष के दौरान मंत्रालयों/विभागों में उत्पन्न रिक्तियों और भर्ती करने वाली एजेंसियों के कार्रवाई कैलेंडर पर निर्भर एक सतत प्रक्रिया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के रिक्त पदों का भरा जाना संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का उत्तरदायित्व है।

*****

'रिक्त पद' से संबंधित 01.07.2019 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1556 के भाग (ङ.) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

## अनुलग्नक

दिनांक 1.3.2018 तक की स्थिति के अनुसार केंद्र सरकार के नियमित सिविलियन कार्मिकों की समूह-वार और दर्जे-वार (राजपत्रित/अराजपत्रित) अनुमानित संख्या

| क्र.सं. | मंत्रालय/विभाग | स्वीकृत पदों की संख्या | | | | | पदस्थ संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क(राजपत्रित) | ख(राजपत्रित) | ख(अराजपत्रित) | ग(अराजपत्रित) | कुल | क(राजपत्रित) | ख(राजपत्रित) | ख(अराजपत्रित) | ग(अराजपत्रित) | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | कृषि अनुसंधान और शिक्षा | 17 | 8 | 10 | 14 | **49** | 16 | 7 | 6 | 7 | **36** |
| 2 | कृषि और सहयोग | 636 | 533 | 599 | 4172 | **5940** | 421 | 354 | 395 | 2769 | **3939** |
| 3 | पशुपालन और डेयरी | 319 | 165 | 183 | 3194 | **3861** | 189 | 84 | 100 | 2024 | **2397** |
| 4 | परमाणु ऊर्जा | 11825 | 742 | 9730 | 14523 | **36820** | 11145 | 579 | 8626 | 10289 | **30639** |
| 5 | आयुष | 77 | 29 | 50 | 66 | **222** | 61 | 10 | 39 | 41 | **151** |
| 6 | जैव प्रौद्योगिकी | 72 | 40 | 49 | 86 | **247** | 53 | 23 | 40 | 56 | **172** |
| 7 | मंत्रिमण्डल सचिवालय | 65 | 51 | 100 | 143 | **359** | 60 | 45 | 83 | 112 | **300** |
| 8 | रसायन, पेट्रो रसायन और औषध | 70 | 45 | 65 | 209 | **389** | 60 | 39 | 62 | 165 | **326** |
| 9 | नागर विमानन | 808 | 85 | 559 | 947 | **2399** | 470 | 50 | 174 | 540 | **1234** |
| 10 | कोयला | 56 | 49 | 95 | 224 | **424** | 40 | 27 | 86 | 132 | **285** |
| 11 | वाणिज्य | 645 | 856 | 970 | 4200 | **6671** | 532 | 705 | 800 | 3462 | **5499** |
| 12 | उपभोक्ता मामले | 218 | 142 | 285 | 579 | **1224** | 170 | 110 | 158 | 364 | **802** |
| 13 | कॉर्पोरेट मामला | 455 | 175 | 709 | 1202 | **2541** | 297 | 114 | 424 | 462 | **1297** |
| 14 | संस्कृति | 206 | 269 | 259 | 7128 | **7862** | 211 | 231 | 260 | 6973 | **7675** |
| 15 | रक्षा (नागरिक) | 17405 | 38807 | 46132 | 483132 | **585476** | 17160 | 30576 | 28839 | 321847 | **398422** |
| 16 | पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास | 68 | 56 | 50 | 174 | **348** | 58 | 37 | 37 | 105 | **237** |
| 17 | पेयजल और स्वच्छता | 40 | 28 | 49 | 22 | **139** | 30 | 11 | 42 | 13 | **96** |
| 18 | पृथ्वी विज्ञान | 458 | 267 | 3840 | 2791 | **7356** | 250 | 83 | 2436 | 1504 | **4273** |
| 19 | आर्थिक कार्य | 376 | 183 | 238 | 665 | **1462** | 283 | 145 | 201 | 484 | **1113** |
| 20 | पर्यावरण और वन | 940 | 443 | 1038 | 2690 | **5111** | 732 | 233 | 544 | 1422 | **2931** |
| 21 | व्यय | 149 | 229 | 253 | 392 | **1023** | 111 | 166 | 190 | 178 | **645** |
| 22 | विदेश मंत्रालय | 2241 | 970 | 2425 | 2572 | **8208** | 2071 | 879 | 1774 | 2288 | **7012** |
| 23 | उर्वरक | 43 | 17 | 97 | 130 | **287** | 35 | 14 | 79 | 71 | **199** |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | वित्तीय सेवाएं | 299 | 51 | 495 | 855 | **1700** | 242 | 36 | 307 | 576 | **1161** |
| 25 | खाद्य और सार्वजनिक वितरण | 231 | 84 | 303 | 510 | **1128** | 182 | 69 | 228 | 341 | **820** |
| 26 | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग | 57 | 34 | 35 | 65 | **191** | 50 | 21 | 20 | 50 | **141** |
| 27 | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण | 2357 | 658 | 1035 | 17264 | **21314** | 2357 | 658 | 1035 | 17264 | **21314** |
| 28 | भारी उद्योग | 50 | 40 | 51 | 120 | **261** | 43 | 24 | 38 | 75 | **180** |
| 29 | उच्चतर शिक्षा | 274 | 222 | 240 | 528 | **1264** | 184 | 108 | 229 | 406 | **927** |
| 30 | गृह मंत्रालय | 24780 | 17005 | 34600 | 944246 | **1020631** | 20540 | 13041 | 27766 | 886919 | **948266** |
| 31 | भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा | 723 | 18642 | 24063 | 20930 | **64358** | 570 | 14594 | 16680 | 12873 | **44717** |
| 32 | औद्योगिक नीति और संवर्धन | 313 | 184 | 272 | 1998 | **2767** | 239 | 140 | 209 | 1533 | **2121** |
| 33 | सूचना और प्रसारण | 473 | 592 | 719 | 3959 | **5743** | 318 | 378 | 578 | 2408 | **3682** |
| 34 | सूचना प्रौद्योगिकी | 3831 | 602 | 508 | 1590 | **6531** | 3629 | 536 | 434 | 892 | **5491** |
| 35 | निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन | 26 | 13 | 21 | 13 | **73** | 24 | 6 | 14 | 12 | **56** |
| 36 | श्रम और रोजगार | 1170 | 412 | 1378 | 3808 | **6768** | 604 | 252 | 1040 | 2606 | **4502** |
| 37 | भूमि संसाधन | 36 | 33 | 22 | 31 | **122** | 30 | 11 | 12 | 24 | **77** |
| 38 | विधि और न्याय | 533 | 297 | 486 | 1254 | **2570** | 372 | 218 | 386 | 1002 | **1978** |
| 39 | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम | 411 | 526 | 395 | 1638 | **2970** | 193 | 419 | 206 | 1002 | **1820** |
| 40 | खान | 4354 | 1000 | 3074 | 5627 | **14055** | 2796 | 619 | 1406 | 2753 | **7574** |
| 41 | अल्पसंख्यक कार्य | 64 | 31 | 62 | 88 | **245** | 42 | 19 | 46 | 73 | **180** |
| 42 | नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा | 124 | 54 | 33 | 85 | **296** | 77 | 21 | 37 | 77 | **212** |
| 43 | पंचायती राज | 32 | 23 | 30 | 39 | **124** | 20 | 15 | 19 | 13 | **67** |
| 44 | संसदीय कार्य | 24 | 21 | 45 | 59 | **149** | 22 | 12 | 35 | 50 | **119** |
| 45 | कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन | 1514 | 606 | 2538 | 6186 | **10844** | 1133 | 426 | 1774 | 5150 | **8483** |
| 46 | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस | 57 | 64 | 72 | 104 | **297** | 45 | 50 | 64 | 55 | **214** |
| 47 | योजना आयोग | 245 | 135 | 132 | 192 | **704** | 186 | 104 | 108 | 180 | **578** |
| 48 | डाक | 621 | 354 | 8222 | 175221 | **184418** | 619 | 354 | 8222 | 175221 | **184416** |
| 49 | विद्युत | 532 | 96 | 628 | 600 | **1856** | 478 | 69 | 343 | 371 | **1261** |
| 50 | राष्ट्रपति सचिवालय | 37 | 41 | 68 | 200 | **346** | 26 | 39 | 63 | 143 | **271** |
| 51 | प्रधानमंत्री कार्यालय | 63 | 60 | 115 | 273 | **511** | 59 | 57 | 117 | 164 | **397** |
| 52 | लोक उद्यम | 33 | 13 | 22 | 51 | **119** | 26 | 9 | 11 | 23 | **69** |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | रेलवे | 13662 | 5318 | 620 | 1488094 | **1507694** | 11928 | 4032 | 565 | 1231800 | **1248325** |
| 54 | राजस्व | 12456 | 32395 | 34590 | 99492 | **178933** | 7848 | 25239 | 18022 | 49171 | **100280** |
| 55 | सड़क परिवहन और राजमार्ग | 303 | 62 | 180 | 198 | **743** | 286 | 50 | 154 | 150 | **640** |
| 56 | ग्रामीण विकास | 102 | 95 | 127 | 191 | **515** | 82 | 70 | 98 | 135 | **385** |
| 57 | स्कूल शिक्षा और साक्षरता | 86 | 72 | 122 | 166 | **446** | 72 | 45 | 105 | 110 | **332** |
| 58 | विज्ञान और प्रौद्योगिकी | 592 | 789 | 291 | 10505 | **12177** | 264 | 569 | 1647 | 2704 | **5184** |
| 59 | नौवहन | 371 | 156 | 620 | 1739 | **2886** | 203 | 154 | 427 | 1055 | **1839** |
| 60 | सामाजिक न्याय और अधिकारिता | 142 | 103 | 227 | 234 | **706** | 108 | 75 | 170 | 207 | **560** |
| 61 | अंतरिक्ष | 7264 | 497 | 2703 | 4945 | **15409** | 7047 | 400 | 2380 | 2542 | **12369** |
| 62 | सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन | 1530 | 1841 | 2658 | 1262 | **7291** | 723 | 1599 | 1596 | 1165 | **5083** |
| 63 | इस्पात | 89 | 30 | 49 | 92 | **260** | 65 | 27 | 39 | 70 | **201** |
| 64 | दूरसंचार | 1056 | 1104 | 314 | 2154 | **4628** | 899 | 588 | 130 | 1106 | **2723** |
| 65 | वस्त्र | 260 | 201 | 853 | 3591 | **4905** | 172 | 149 | 467 | 1718 | **2506** |
| 66 | पर्यटन | 74 | 102 | 134 | 267 | **577** | 68 | 101 | 118 | 200 | **487** |
| 67 | जनजातीय कार्य | 76 | 42 | 47 | 145 | **310** | 60 | 31 | 41 | 109 | **241** |
| 68 | संघ लोक सेवा आयोग | 206 | 259 | 520 | 843 | **1828** | 161 | 129 | 433 | 555 | **1278** |
| 69 | शहरी विकास | 3323 | 831 | 5694 | 10407 | **20255** | 3101 | 992 | 4978 | 9044 | **18115** |
| 70 | उपराष्ट्रपति सचिवालय | 6 | 5 | 8 | 41 | **60** | 5 | 4 | 5 | 37 | **51** |
| 71 | जल संसाधन | 1742 | 1163 | 2678 | 5808 | **11391** | 1266 | 771 | 1426 | 3363 | **6826** |
| 72 | महिला एवं बाल विकास | 94 | 80 | 131 | 372 | **677** | 77 | 42 | 98 | 240 | **457** |
| 73 | युवा कार्यक्रम और खेल | 45 | 42 | 65 | 163 | **315** | 40 | 42 | 54 | 164 | **300** |
| | **कुल** | **123932** | **131269** | **200080** | **3347498** | **3802779** | **104036** | **101936** | **139775** | **2773209** | **3118956** |